अब रेलवे स्टेशन पर खुलेंगे जनऔषधि केंद्र, पहले चरण में 50 स्टेशनों का चयन

चर्चा में क्यों?

- 10 सितंबर, 2023 को हरियाणा के अंबाला मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया कि आमजन तक सस्ती और सुलभ दवाइयाँ उपलब्ध कराने के लिये अब स्टेशनों पर जनऔषधि केंद्र खोले जाएंगे। इसमें अंबाला मंडल के अंतर्गत राजपुरा रेलवे स्टेशन भी शामिल है, जो पंजाब में स्थित है।

प्रमुख बिंदु

- जनऔषधि केंद्र के लिये स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद वाणिज्य विभाग ने रिपोर्ट तैयार करके मुख्यालय भेज दी है।
- अंबाला मंडल के अधीन राजपुरा रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र खोला जाएगा। रेलवे द्वारा जारी की गई सूची में मंडल के एकमात्र स्टेशन का नाम आया है। स्टेशन परिसर में यह सुविधा मिलेगी, ताकि यात्रियों व आमजन को सस्ती दर पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयाँ मिल सकें।
- उल्लेखनीय है कि पहले चरण में देश के 17 राज्यों के 50 स्टेशनों का चयन किया गया है। वहीं, दूसरे चरण में अंबाला कैंट, अंबाला सिटी, चंडीगढ़, सहारनपुर, पटियाला, बठिंडा व शिमला रेलवे स्टेशनों पर जनऔषधि केंद्र खोलने की योजना है।
- केंद्र सरकार की ओर से पहले भी जगह-जगह जनऔषधि केंद्र खोले गए हैं, जहाँ जेनेरिक और गुणवत्तापरक दवाइयाँ सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। इसी तर्ज़ पर अब रेलवे स्टेशनों पर भी जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) खोलने की योजना बनाई गई है, ताकि अधिक-से-अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।
- वर्तमान समय में रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में उपचार की सुविधा काफी जटिल है। अचानक तबीयत खराब होने पर पहले टीटीई को जानकारी देनी पड़ती है और फिर कंट्रोल से संदेश मिलने के बाद डॉक्टर ट्रेन में पहुँचता है। कई बार यह लेटलतीफी मरीज़ों और तीमारदारों पर भारी पड़ती है। स्टेशन पर जनऔषधि केंद्र खुलने से आमजन संग रेलयात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी।
- इसके तहत जनऔषधि केंद्र का स्वरूप राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान (एनआईडी) द्वारा तैयार किया जाएगा। साथ ही, जनऔषधि केंद्रों के आवंटन में पारदर्शिता के लिये प्रक्रिया ऑनलाइन यानी ई-टेंडर के ज़रिये होगी।
- संचालक को जनऔषधि केंद्र को संचालित करने से पहले रसायन और उर्वरक मंत्रालय के फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइस ब्यूरो (पीएमबीआई) से इजाज़त लेनी होगी।
- योजना के तहत व्यक्तिगत उद्यमियों को जनऔषधि केंद्र के आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी।
- प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र की सुविधा पहले चरण में देश के 50 रेलवे स्टेशनों पर मिलेगी। इसमें आंध्र प्रदेश के तिरुपति व सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन, असम का न्यू तिनसुखिया, लुंबडिंग व रंगिया, बिहार के दरभंगा, पटना व कटिहार, छत्तीसगढ़ के जांजगीर नैला, बागबहारा व पेंड्रा रोड, गुजरात के अंकलेश्वर व महसाना जंक्शन शामिल हैं।
- इनके अलावा, झारखंड के सिनी जंक्शन, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर, कर्नाटक के एसएमवीटी बंगलूरु, बांगारपेट, मैसूर व हुबली जंक्शन, केरल के पालाकक्कड़, मध्य प्रदेश के रतलाम, मंडल महल, बीणा व नैनपुर, महाराष्ट्र के लोकमान्य तिलक टर्मिनल्स, मनमाड़, पिपरी, सोलापुर, नागबहीर व मलाड़, ओडिशा के खुरदा रोड, पंजाब के फगवाड़ा व राजपुरा, राजस्थान सवाई माधोपुर और भगत की कोठी, तमिलनाडु के तिरूचिरापल्ली, इरौड व डिंडिगुल और उत्तर प्रदेश का पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन शामिल हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/now-janaushadhi-centers-will-open-at-railway-stations-ifty-stations-selected-in-the-first-phase